# चीनी का निर्यात 85 लाख टन पर पहुंचने की उम्मीद

चीनी उद्योग के प्रमुख संगठन भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने सोमवार को कहा कि सितंबर में समाप्त होने वाले चालू विपणन वर्ष 2021-22 में भारत का चीनी निर्यात 85 लाख टन तक पहुंच सकता है। इस्मा ने कहा कि देश ने जहां 72 लाख टन चीनी निर्यात का अनुबंध किया है, वहीं इस साल मार्च के अंत तक लगभग 56-57 लाख टन चीनी का निर्यात हुआ है। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। पेराई का काम अभी भी जारी है। मार्च के अंत तक 366 मिलें चल रही थीं, जबकि 152 मिलों ने पेराई बंद कर दी थी। चीनी उत्पादन के ताजा आंकड़े जारी करते हुए इस्मा ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय व्यापार कंपनियों के आंकड़ों से पता चलता है कि वैश्विक बाजार मौजूदा सत्र में भारत से 85 लाख टन चीनी खरीदने की उम्मीद कर रहा है।'

*भाषा*